>

Title: Need to review the decision to shift NIT from Andeman & Nicobar Islands to Pudducherry.

श्री विष्णु पद राय (अंडमान और निकोबार द्वीपसमूह): अध्यक्ष महोदया, मैं खासकर यूपीए चेयरपर्सन श्रीमती सोनिया गांधी और नारायणसामी जी से अर्ज करूंगा कि वे मेरी बात पर ध्यान दें। भारत में इस समय 20 एनआईटीज हैं, जबकि इलैवन्थ प्लान में दस और एनआईटीज खोलने के बारे में सरकार का चिंतन है। 19 जुलाई, 2008 में तत्कालीन शिक्षा मंत्री श्री अर्जुन सिंह ने अंडमान निकोबर द्वीप समूह के उपराज्यपाल को पत्र देकर कहा था कि अंडमान निकोबार में अनकवर्ड स्टेट, जहां विकास नहीं हुआ, उस पिछड़े हुए एरिया में हम एनआईटी खोलेंगे। उन्होंने प्रपोजल मांगा था, जिसकी बात चल रही थी। इस बीच मुझे लगता है कि कांग्रेस के शिक्षा मंत्री और पांडिचेरी के एमपी जो वर्तमान पार्लियामेंट के एमओएस हैं ,

उनके बीच एक ...(व्यवधान) ...* और 1 जून, 2009 ...(व्यवधान)

MADAM SPEAKER: No. You cannot make this kind of a plea. You cannot make such allegations.

...(*Interruptions*)

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PLANNING AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI V. NARAYANASAMY): The hon. Member has made some allegations.

* Not recorded.

Let him withdraw the words. ...(*Interruptions*) Otherwise, he will have to face the consequences.

MADAM SPEAKER: This will not be recorded.

*(Interruptions) â€¦ **

SHRI BISHNU PADA RAY : All right, Madam, it is withdrawn.

मैं आपको बताना चाहता हूं कि एक जून, 2009 को एनआईटी का डायरेक्टर पत्र लिखता है एडमिनिस्ट्रेशन को कि अण्डमान निकोबार द्वीप समूह में इंजीनियरिंग कॉलेज खोला गया है, इस कारण से वहां एनआईटी नहीं बनेगा, यह पांडिचेरी में जाएगा। कहा गया कि यह फिजिबल नहीं है। मैं आपके माध्यम से पूछना चाहता हूं कि फिजीबिल्टी की मीनिंग क्या है? पंडित नेहरू की लीगेसी लें, पं. नेहरू ने साठ साल पहले आईआईटी, खड़गपुर बनाया था जो एक जेल थी, एक गया-गुजरा गांव था। 50 साल पहले पांडिचेरी में पं.नेहरू ने जिपमेर खोला था। इसी तरह से राजीव गांधी जी जब आईडीए के चेयरमैन थे, ने अण्डमान निकोबार द्वीप के बारे में कहा था, यह मिनी पार्लियामेंट, मिनी मिनिस्ट्री बनेगा, इसका विकास होगा। अण्डमान निकोबार के साथ क्या होती है फिजिबिल्टी और नॉन फिजिबिल्टी? उदाहरणस्वरूप पांडिचेरी में सरकार के माध्यम से एक इंजीनियरिंग कॉलेज खोला गया, उसके बाद पांच-छः प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेज आज वहां पर हैं। पांडिचेरी में सरकार के माध्यम से मेडिकल कॉलेज खोला गया।

MADAM SPEAKER: Hon. Member, just wait a minute. The time of the House is extended till the matters of urgent public importance are over.

श्री विष्णु पद राय : उसके बाद पांच-छः मेडिकल कॉलेज वहां पर आए। मैं अनुरोध करूंगा कि यूपीए सरकार पंडित नेहरू की परंपरा पर चले, राजीव गांधी की परंपरा पर चले।

अध्यक्ष महोदया : अब आप समाप्त कीजिए।

श्री विष्णु पद राय : अण्डमान का एनआईटी कॉलेज अण्डमान में रखें। पांडिचेरी के स्टूडेंट्स अण्डमान में पढ़ रहे हैं।...(व्यवधान) शिक्षा मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री इस पर विचार करें, यही मेरा अनुरोध है। ...(व्यवधान)